साड़ी की विविध शैलियों में दिखी भारत की सांस्कृतिक समृद्धि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय साड़ी, हस्तकरघा और हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश भवन में साड़ी परिधान एवं हस्तकरघा प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागियों ने विभिन्न पारंपरिक और रचनात्मक शैलियों में साड़ी पहनकर भारत की सांस्कृतिक विविधता प्रस्तुत की। प्रतिभागियों ने बंगाली, महाराष्ट्रीयन नौवारी सहित विभिन्न शैलियों की साड़ियों का प्रदर्शन किया।

इनमें रेशम, बनारसी रेशम, बंगाली सूती, बाघ छपाई रेशम, पूना रेशम और पटोला रेशम प्रमुख रहीं। प्रतिभागियों को निर्धारित 20 मिनट में साड़ी पहनकर तैयार होना था। इसके बाद मंच पर प्रस्तुति देते हुए उन्होंने साड़ी की विशेषता और उससे जुड़ी सांस्कृतिक परंपरा की जानकारी दी। निर्णायकों ने साड़ी पहनने की शैली, प्रस्तुति, साड़ी की विशेषता और सांस्कृतिक पक्ष के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

परिणाम में गुनगुन ने प्रथम, ममता कपसे ने द्वितीय, नंदिनी त्रिपाठी ने तृतीय, रूपाल कपसे ने चतुर्थ और डॉ. मेघा ने पंचम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रकाश उन्हाले और शिवाली सिंह भी उपस्थित रहीं। शिवाली सिंह ने कहा कि साड़ी भारत की सांस्कृतिक विरासत और बुनकरों के कौशल का परिचायक है। उन्होंने चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों की विशिष्ट पहचान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय वस्त्र परंपरा से जोड़ने में सहायक हैं।

सतर्कता से दुर्घटनाएं टालने वाले दस रेलकर्मियों को संरक्षा पुरस्कार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेल संचालन के दौरान सतर्कता, सजगता और त्वरित निर्णय लेकर संभावित दुर्घटनाएं टालने वाले 10 रेल कर्मचारियों को सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। कर्मचारियों की समय पर की गई कार्रवाई से रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

पुरस्कार पाने वालों में परिचालन विभाग के संजय चौरे, रमेश साहू, जय श्रीवास, सुजीत कुमार, अभिषेक परसाई, अमन रैकवार, लोकेश कुमार मीना और मंगेज मीना तथा विद्युत परिचालन विभाग के हरिचरण मीना और मनोज कुमार शामिल हैं। संजय चौरे ने पवारखेड़ा स्टेशन पर मालगाड़ी के एक वैगन के पहियों में जाम की स्थिति देखकर तत्काल खतरे का संकेत दिया और गाड़ी रुकवाई। सुजीत कुमार ने भी पवारखेड़ा से गुजर रही मालगाड़ी के एक वैगन से धुआं निकलता देख समय रहते गाड़ी रुकवाई। जांच में ब्रेक जाम पाया गया। अभिषेक परसाई ने भोपाल स्टेशन से अमरकंटक एक्सप्रेस के रवाना होने के दौरान रेलगाड़ी के नीचे गिर रही महिला यात्री को देखकर तत्काल ब्रेक लगाकर उसकी जान बचाई। वहीं हरिचरण मीना और मनोज कुमार ने आगासोद-बीना रेलखंड में घायल युवती को देखकर तत्काल सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

चित्रांश पारिवारिक मासिक बैठक का तृतीय सत्र उल्लास के साथ संपन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मध्य भारत एवं जिला भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में चित्रांश पारिवारिक मासिक बैठक का तृतीय सत्र भगवान चित्रगुप्त एवं भगवान गणेश की वंदना के साथ शुरू हुआ।

बड़ी संख्या में सदस्यों ने सहभागिता की। दिनेश श्रीवास्तव, कार्तिक श्रीवास्तव सहित सदस्यों ने परिचय दिया। डॉ. आरती सारंग ने भगवान चित्रगुप्त की स्तुति प्रस्तुत की। इस दौरान जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ मनाकर खुशियां साझा की गईं तथा सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हुई।

आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के साथ नेपाल धार्मिक यात्रा के लिए इच्छुक सदस्यों के नाम दर्ज करने की जिम्मेदारी दिवाकर श्रीवास्तव को दी गई। गीत-संगीत प्रस्तुतियों में प्रवीण श्रीवास्तव, धर्मेश खरे, कीर्ति खरे, अनिल श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव, रवि खरे, बृजेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव 'नीलू', शुभा श्रीवास्तव और अरविंद श्रीवास्तव ने सहभागिता की। विनय सक्सेना ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किया।

मंच संचालन दिवाकर श्रीवास्तव और राजकुमार श्रीवास्तव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समाज की प्रगति में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। गीत-संगीत और बिरादरी भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एनीमिया पर जागरूकता की दिशा में पुस्तक का द्वितीय संस्करण जारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक एवं लेखक प्रो. डॉ. अश्विनी कुमार द्विवेदी की पुस्तक 'एनीमिया के लिए होम्योपैथी' के द्वितीय संस्करण का विमोचन नई दिल्ली में भारत सरकार के आयुष राज्य मंत्री ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने की। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, कार्यपरिषद सदस्य प्रो. डॉ. सखाराम मुजाल्दा सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। पुस्तक के प्रथम संस्करण का विमोचन करीब दो वर्ष पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। डॉ. द्विवेदी के अनुसार नए संस्करण में अप्लास्टिक एनीमिया, सिकल सेल रोग, थैलेसीमिया, आयरन व विटामिन डेफिशिएंसी एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव, पोषण और भारतीय खानपान से जुड़ी जानकारी दी गई है। इसमें जागरूकता अभियानों और स्वास्थ्य शिविरों का विवरण भी शामिल है।

एमसीयू में सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा के तीन नए पाठ्यक्रम शुरू

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विकास भवन, एमपी नगर परिसर में सांध्यकालीन एवं अंशकालीन पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू हो गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी विवि की वेबसाइट या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं तेज प्रकाश उर्फ भैयालाल पिता पूरन सिंह, आयु वयस्क, निवासी- 7/1, गणपत चौक ऐशबाग, भोपाल म.प्र.। हमारे सभी दस्तावेजों में हमारा नाम भैयालाल है। तेज प्रकाश उर्फ भैयालाल दोनों नाम हमारे ही हैं एवं मैं दोनों ही नामों से जाना पहचाना जाता हूं। उक्त शपथ पत्र हमारे दोनों नामों के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

1255

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक महोदय के दिशा-निर्देशानुसार व उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजों के आधार पर श्री नंदकिशोर शर्मा आत्मज श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा एक किता भूखण्ड क्रं. 07, जिसका कुल एरिया 1175 वर्गफिट, जो कि खसरा क्र. 196/1/2 (S), रकबा 0.146 हे. का अंशभाग है-जो कि ग्राम बिजलोन प.ह.नं. नया पुराना 34/56, रा.नि.मं. 03, विकास खण्ड सीहोर, तह. सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.) पर स्थित है। उक्त संपत्ति जिसे नंदादिशोर शर्मा ने श्री नवीन जाटव से क्रय की थी जिसका पंजीयन सब-राजिस्टार कार्यालय में दिनांक-24/02/2025 ई. पंजियन क्रमांक MP441GR18482025A100114053 पर पंजीबद्ध है। नवीन जाटव द्वारा उक्त भूमि सर्वे हैं. 196/1 रकबा 0.522 हेक्टेयर में से 0.146 हेक्टेयर भूमि दिनांक-25/1/2023 को क्रय की थी जिसका पंजीयन सब रजि. कार्यालय में ई. पंजीयन क्रमांक MP35037 2023A11403230 पर पंजीबद्ध है। इस भूखण्ड को विक्रेता श्री भागीरथ आत्मज श्री मंशाराम चमार द्वारा क्रय की थी यह कि उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 196 में संयुक्त खाते की भूमि (1) श्री मुंशी आ. श्री बुद्दा (2) हजारी गोरिया (3) श्री नाथा (4) श्री नारन सभी पुत्रगण श्री मुंशी एवं (5) श्री भागीरथ आत्मज श्री मंशाराम चमार (6) श्री लाड सिंग (7) श्री बटन (8) श्री चौंधिया सभी पुत्रगण श्री तुलसीनाम के नाम पर दर्ज है। यह कि उक्त रकबा की भागीरथ आत्मज श्री मंशानाम द्वारा सर्वे नं.-196/1, रकबा 0.522 हे. में से विक्रित रकबा 0.146 हेक्टेयर नवीन जाटव आत्मज के पक्ष में विक्रय किया गया था। उक्त सम्मिलित खातेदारों का अन्य किसी भी प्रकार से विवाद या आपत्ति हो, तो या नामान्तरण व क्रय-विक्रय संबंध में आपत्ति हो प्लाट नं. (07) चूंकि उक्त खसरे से विक्रय भूखण्ड नवीन जाटव द्वारा नंदकिशोर शर्मा के पक्ष में हस्तांतरित किया गया था जो पीरामल हाउसिंग फाइनेंस में बंधक रखा गया था तत्पश्चात आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा भोपाल (मप्र) में उक्त संपत्ति बंधक रखी जा रही है। उक्त संपत्ति का किसी भी व्यक्ति संस्था, संस्थाओं या बैंक, अन्य वित्तीय संस्थान के संबंध में व अन्य शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालय का किसी भी प्रकार का हित हो तो सात दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय या मो. नं. पर संपर्क कर मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि पश्चात आपत्ति अमान्य रहेगी

अनामिका नाथ, एडवोकेट
ऑफिस, मकान नं. 29,सताक्षी गार्डन, खजूरी कलां (एम.पी.) 402022 रोड, पिपलानी, भोपाल मो.9039026897

1254

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल

नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी/112/2026
शाज़िया नकवी बनाम मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक
NEXT DATE :26-08-2026

प्रेषिती, सर्वसाधारण 2- श्रीमान मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक शाखा जूमेराती भोपाल आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शाजिया नक़वी पता हाउस नंबर-एलजी-1, गोयल एस्टेट, अहमदाबाद पैलेस रोड कोहेफिजा भोपाल, एमपी ने मृतक स्व. श्री सैयरद राशिद नकबी की 3,39,031.95/-राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26-08-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26-08-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

1253

न्यायालय : कमिश्नर फार वर्कमेंस काम्पेनसेशन श्रम न्यायालय, क्रमांक 2 भोपाल

प्र. क्रमांक 40/2026/डब्ल्यू.सी.एक्ट फेटल/पि.

सूचना पत्र

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक पप्पू यादव आ. श्री हरिसिंह उर्फ हरिनारायण निवासी ग्राम तलावली परगना दिनांक 12/04/2025 को नियोजक ब्यावरा जिला राहगढ (म.प्र.) के नियोजन में मृत्यु होने के कारण नियोजक/बीमा कंपनी द्वार क्षतिधन राशि 14,09,241=00 शब्दो में (चौइह लाख नौ हजार दौ सौ इक्तालीस रूपये मात्र) जमा किया गया है। उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बाबत् कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि 20.08.2026 नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो/दो गवाह, राशन कार्ड व सेविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि 20.08.2026को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत करें। प्रकरण में जमा क्षतिधन आबंटित ना करने बाबत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो उक्त तिथि को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08-08-20206 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

न्यायालय : कमिश्नर फार वर्कमेंस काम्पेनसेशन श्रम न्यायालय, क्रमांक 2 भोपाल

न्यायालयः कमिश्नर फार वर्कमेंस काम्पेनसेशन, श्रम न्यायालय, क्रमांक 2 भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 47/2026/डब्ल्यू.सी.एक्ट फेटल/वि.

सूचना-पत्र

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक श्री शंकर चिढ़ार आ... निवासी म.नं. 1528 वार्ड क्रं. 39 की दिनांक 30.04.2008 को नियोजक शंकराचार्य नगर भोपाल के नियोजन में मृत्यु होने के कारण नियोजक/बीमा कंपनी द्वारा क्षतिधन राशि 30,5,290.00 शब्दों में (तीस लाख पांच हजार दो सौ नब्बे रुपये मात्र) जमा किया गया है। उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बाबत कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि 17.8.2026 नियत जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो, अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशन कार्ड व सेविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लाये तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि 17.8.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत करें। प्रकरण में जमा क्षतिधन आबंटित ना करने बाबत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08.08.2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

कमिश्नर, कर्मकार क्षतिपूर्ति अधि. श्रम न्यायालय क्र. 2 भोपाल म.प्र.

न्यायालय, आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय क्रं. 1 भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 16/ई.सी.एफ.एक्ट विविध/2026

सूचना-पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.01.2025 को हुई दुर्घटना में श्रमिक श्री सुदर्शन कुमार मेहतो आ. श्री महानत मेहतो की मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप क्षतिपूर्ति राशि नियोक्ता दिलीप बिल्डकान लि. द्वारा इस न्यायालय में रूपये 16,14,600/- शब्दों सोलह लाख चौदह हजार छः सौ रूपये जमा किये गये है। यह राशि कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत जमा की गई है। अतः यदि कोई व्यक्ति धारा 21 कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मृतक का आश्रित हो तो वह दिनांक 09.09.2026 को सुबह 11.30 बजे मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना क्लेम एवं साक्ष्य प्रस्तुत करें और साथ में अपनी शिनाख्तगी के लिए किसी मजिस्ट्रेट द्वारा अटेस्टेड किया हुआ स्वयं का फोटो भी साथ में लावें। उक्त दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है या अन्य किसी कारण से कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी। ध्यान रहे कि उपरोक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रार्थनापत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुदा के अधीन जारी किया गया।

आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय क्रं. 1 भोपाल म.प्र.

The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge, Senior Division, District Court, Vidisha

Presiding Officer: **कादिर खान**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000091/2024)

अहमद खली....**वादी VS** एजाज हुसैन, आदि... **प्रतिवादी**
Process ID/2026 पेशी दि.: 09/09/2026

प्रेषिती-1. जैबुन बानो पति परवेज हुसैन पुत्री स्व. मंजूर हुसैन निवासी सेफिया कॉलेज रोड भोपाल म.प्र., 2. जुलेखाबानो पत्नी मुराद हुसैन पुत्री मंजूर हुसैन निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल म.प्र., 3. हकीमउददीन पुत्र अब्बास भाई निवासी सेफिया कॉलेज रोड भोपाल म.प्र.। **यह कि प्रार्थी** अहमद अली पुत्र मोहसिन अली नि. बड़ी बजरिया विदिशा म.प्र. ने आपके विरूद्ध यह आरसीएसए प्र. क्र. 91/24 वादग्रस्त मकानियत स्थित नगर विदिशा के वार्ड नं. 8 मोहल्ला वैष्णवती पथ विदिशा अंदर सीमा नगर पालिका बड़ी बजरिया विदिशा पर स्वत्व घोषणा एवं आधिपत्य में किसी प्रकार से कोई दखलअंदाजी न करने, भाग्रस्त न करने, विक्रय न करने के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 05 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कादिर खां न्यायाधीश, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के द्वितीय अति.न्यायाधीश विदिशा म.प्र.

1252

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सड़क तहसील-कोलार, जिला भोपाल

ममला क्रमांक /96/2026-27

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक-श्री अनुराग कुमार पटेल पुत्र श्री दिनेश कुमार पटेल व रोहित कुमार पटेल पुत्र श्री दिनेश कुमार पटेल व श्रीमती रमावती पटेल पत्नी श्री दिनेश कुमार पटेल निवासी-भोपाल द्वारा ग्राम-नरेला हनुमंत सिंह स्थित भूमि खसरा क्रमांक 271/3 रकबा 0.300 हैं. एवं खसरा क्रमांक 271/4 रकबा 0.300 हैं. भूमि जो कि न्यायालय तहसीलदार नायब तहसीलदार तहसील कोलार भोपाल म.प्र. के प्रकरण क्रमांक 1130/अ-6/2020-21 भोपाल आदेश दिनांक 01/07/2021 में नामातंरण स्वीकृत किया गया था आदेश के आधार पर नामातंरण को राजस्व रिकॉर्ड में अमल करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह उस इश्तहार के जारी होने से 15 दिवस के पूर्व इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 05/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार तहसील, कोलार जिला भोपाल

1251

सूडोकु नवताल- 7868

★★★★☆ कठिन

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7867 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

काकुरो पहेली - 7541



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 7540 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8938



बाएँ से दाएँ

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

ऊपर से नीचे

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

शब्द पहेली -8937 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7380



बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7379

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7474

		3	4		6	7
7	24	2	32	3	41	
	3		5	6		
6	28		36		30	4
		5	6		1	
5	39	7	43	4	25	
4				1		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7473 का हल

6	4	1	7	2	5	3
5	33	3	32	1	27	7
4	3	7	5	6	1	2
3	35	2	37	7	32	6
7	4	5	2	3	6	1
2	32	4	36	4	30	5
1	3	6	7	5	2	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8494

नी	म	गा	ई	ड	र	रे	फा	न	प	खा
न	ल	क	प	इं	डो	श	शि	या	ड़	मो
अ	दा	क	ला	र	ग	मा	द	प्रे	प	शी
ती	ग	ल	म	ब	दू	औ	प	म	लि	ला
त	स	अ	सौ	ल	जा	र	कि	पु	ला	स
आ	इ	री	मो	व	आ	शे	त	जा	लू	पा
ग	जी	ल	क	व	प	रा	न	री	प्र	स
र	रि	भा	र	स	प	स	द	र	रा	वा
को	ह	रा	ना